Constitution at 70

# पाठ योजना

## शिक्षकों के लिए

समूह 1 (कक्षा 6 - 8)
एवं
समूह 2 (कक्षा 9 व 11)

GNCT OF DELHI
Directorate of Education
Govt. of NCT of Delhi

# सामान्य निर्देश

1. शिक्षक विद्यार्थियों को महीने की थीम का वर्णन करेंगे जिसके अनुसार उन्हें गतिविधियों में भाग लेना है। शिक्षक विद्यार्थियों को 'मेरी मूल्य पुस्तिका' वितरित करेंगे। जिसे विद्यार्थियों को महीने के दिए गए निर्देशों के अनुसार पूरा करना होगा।
2. शिक्षकों को प्रतिमाह पॉडकास्ट मिलेगा जिससे विषय सम्बन्धी उनकी समझ गहरी हो सके। वे बाद में इसे विद्यार्थियों के साथ भी साझा कर सकते हैं। साथ ही साथ शिक्षकों को प्रति सप्ताह कराई जाने वाली गतिविधियों के सन्दर्भ हेतु क्यूकार्ड भी मिलेंगे।
3. **सर्वे करना**

    - विद्यार्थी पुस्तिका से प्रश्नावली की कॉपी ले कर चार (स्वयं व तीन अन्य लोगों का) लोगों का साक्षात्कार करेंगे व उनके उत्तरों को दर्ज करेंगे। यह चार लोग अलग-अलग समूहों से होंगे, जैसे:

| क्र. सं. | इंटरव्यू के लिए व्यक्ति |
|---|---|
| 1 | स्वयं |
| 2 | परिवार का एक सदस्य |
| 3 | एक पड़ोसी |
| 4 | एक विश्वविद्यालय या कॉलेज जाने वाला विद्यार्थी |

- प्रश्नों का एक सेट दिया गया है ।
- वे लोग जिनका इंटरव्यू लिया जाए उनमें एक महिला और एक बुजुर्ग व्यक्ति (60 साल से ऊपर) का होना चाहिए ।
- विद्यार्थियों को प्रश्न पूछते समय विनम्र रहने की ज़रूरत है ।
- विद्यार्थी अपने माता-पिता को सर्वे कार्य के लिए सूचित अवश्य करें और गतिविधि के लिए अपरिचित व्यक्तियों से बात करते समय उनकी मदद भी लें।
- विद्यार्थियों को पहले सप्ताह में ही प्रश्नावली को पूरा करना है ।
- विद्यार्थियों को जोड़े में अपने सहपाठी के साथ जाना चाहिए न कि अकेले ।
- विद्यार्थियों को हर महीने सर्वे कार्य के लिए अलग-अलग लोगों का साक्षात्कार लेने का प्रयास करना चाहिए ।

## 4. स्वतंत्रता आधारित खेल : एक्शन प्रोजेक्ट (केवल कक्षा 6 - 8 के लिए)

- कक्षा में एक्शन प्रोजेक्ट को पहले सप्ताह में विस्तार से बताया जाना चाहिये और विद्यार्थियों को इसे दूसरे सप्ताह की कक्षा से पहले पूरा कर लेना चाहिए।
- विद्यार्थियों को 'मूल्य पुस्तिका' में दी गयी सूची से ही किसी एक को चुनना चाहिए।
- एक्शन प्रोजेक्ट को सप्ताह के अंत में अपने घर या समुदाय में संपन्न करना है।
- इसे व्यक्तिगत रूप से करना है।
- विद्यार्थियों को अपने एक्शन प्रोजेक्ट को किसी एक व्यक्ति द्वारा सत्यापित कराया जायेगा ।

## 5. समूह निर्माण

- हर चर्चा के लिए एक नया विषमरूपी (हैट्रोजीनियस) समूह बनाया जाना चाहिए ।

## 6. अभिव्यक्ति-दीवार

- सभी विद्यालयों में एक दीवार 'अभिव्यक्ति दीवार' के रूप में तैयार की जानी चाहिए ।
- शिक्षक/शिक्षिकाओं को विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना चाहिए कि वे इस दीवार पर हर महीने के निर्धारित मूल्य पर अलग-अलग तरीके से अपने विचारों को अभिव्यक्त करें ।

a) **कविता लेखन**

○ अलग-अलग तरह की लेखन- शैली व भाषाओं को बढ़ावा मिलना चाहिए ।

○ कविता / दोहा लिखने के लिए कोई शब्द सीमा नहीं होनी चाहिए ।

b) **निबंध**

○ अलग-अलग लेखन-शैली / भाषाओं को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

○ निबंध अधिकतम एक पेज का ही हो।

c) **पोस्टर बनाना**

○ किसी चार्ट पेपर पर विद्यार्थी पोस्टर तैयार करें ।

d) **कहानी लेखन**

○ कहानियाँ लिखित रूप में या फिर कार्टून शृंखल, चित्रकला अथवा तस्वीरों के रूप में हो सकती हैं ।

- शिक्षक/शिक्षिकाओं को विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना चाहिए कि वे अपने विचार इस दीवार पर चिपकाएँ या लगाएँ ।
- वे इसे महीने में थीम के अनुसार कभी भी कर सकते है (तीसरे सप्ताह से पहले) ।
- अभिव्यक्ति दीवार को विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा शिक्षकों के लिए 'गैलरी वॉक' के लिए रखा जायेगा जो तीसरे सप्ताह के दौरान किया जायेगा ।
- अभिव्यक्ति दीवार की विषय-वस्तु जैसे कविताओं/कहानियों/निबंधों/पोस्टरों आदि को विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट में शामिल किया जाए।

## 7. प्रोग्राम : पैनल परिचर्चा

- स्टूडेंट कौंसिल क्लब तीसरे सप्ताह में, महीने की थीम के अनुसार दो पैनल परिचर्चाओं का आयोजन कराएंगे।
- कक्षा 6 से 8 के चयनित विद्यार्थी एक पैनल परिचर्चा में भाग लेंगे व कक्षा 9 एवं 11 के चयनित विद्यार्थी दूसरी पैनल परिचर्चा में भाग लेंगे।
- कक्षा 6 से 8 में से प्रत्येक के दो-दो निपुण वक्ता और कक्षा 9 एवं 11 से प्रत्येक के तीन-तीन निपुण वक्ता अपनी कक्षा का प्रतिनिधित्व करते हुए स्टूडेंट कौंसिल क्लब की तरफ से आयोजित पैनल परिचर्चा में भाग लेंगे (हर पैनल में कुल 6 विद्यार्थी होंगे)।
- क्लब अभिभावकों, एस. एम. सी. सदस्यों, एलुमनाई और समुदाय के अन्य सदस्यों को पैनल परिचर्चा सुनने के लिए आमंत्रित कर सकते हैं।
- पैनलिस्ट बोलते समय भी बैठे रहें, तथापि, उन्हें श्रोताओं की ओर देखते हुए स्पष्ट एवं ऊँचे स्वर में बोलना चाहिए। विद्यार्थी उनकी मूल्य पुस्तिका में दिए रिफ्लेक्शन शीट का प्रयोग कर सकते हैं ।
- संचालक/ मोड्रेटर (यहाँ स्टूडेंट कौंसिल क्लब के शिक्षक प्रभारी होंगे)। वे उन वक्ताओं का परिचय करायेंगे, जो अपने अनुभवों और विचारों का प्रस्तुतीकरण देंगें ।
- पैनल में हर सदस्य को अपनी बात रखने का पूरा अवसर मिलना चाहिए ।
- संचालक (मोड्रेटर) चर्चा का सार बतायें ।
- पैनल परिचर्चा के दौरान फेसबुक/ सोशल मीडिया पर लाइव भी जाया जा सकता है ।

# पहला सप्ताह

# पहला सप्ताह

| क्र. सं. | गतिविधि | समय (मिनट) | जरूरी सामान |
|---|---|---|---|
| 1 | मूल्य का परिचय (मूल्य पर चर्चा) | 10 | – |
| 2 | स्वयं का सर्वे | 20 | मेरी मूल्य पुस्तिका |
| 3 | कंसेप्ट मैप की व्याख्या | 15 | मेरी मूल्य पुस्तिका |
| 4 | गृह कार्य : सर्वे की व्याख्या | 5 | मेरी मूल्य पुस्तिका |
| 5 | गृह कार्य : स्वतंत्रता आधारित खेल : एक्शन प्रोजेक्ट की व्याख्या (केवल कक्षा 6 - 8 के लिए) | 5 | स्वतंत्रता आधारित खेल पुस्तिका |
| 6 | सार संक्षिप्तीकरण | 5 | – |

| | |
|---|---|
| **समय** | एक घंटा |
| **अधिगम उद्देश्य** | विद्यार्थी इस योग्य हो सकेंगे कि<br>• महीने के निर्धारित मूल्य को विद्यार्थी समझ पाएंगे और उसकी सराहना कर पाएंगे जिसे वे सर्वे, एक्शन प्रोजेक्ट आदि के माध्यम से प्रति दिन के अनुभवों के साथ जोड़ते हुए सीख पाएंगे।<br>• मूल्य के विभिन्न आयामों की खोज कर पाएँ। |

| निर्देश | |
|---|---|
| | **गतिविधि 1 : मूल्य का परिचय (10 मिनट)**<br>▪ महीने के निर्धारित मूल्य पर चर्चा करते हुए सत्र का आरंभ करें।<br>▪ चर्चा प्रश्नों के लिए क्यूकार्ड देखें।<br>**गतिविधि 2 : स्वयं का सर्वे (20 मिनट)**<br>▪ मूल्य पुस्तिका में दिए गए स्वयं के सर्वे को विद्यार्थियों को भरने को कहें।<br>**गतिविधि 3 : कंसेप्ट मैप की व्याख्या (15 मिनट)**<br>▪ क्यूकार्ड की मदद से कंसेप्ट मैप की व्याख्या व उस पर चर्चा करें ।<br>**गतिविधि 4 : गृह कार्य : सर्वे की व्याख्या (5 मिनट)**<br>▪ सर्वे गतिविधि पर विद्यार्थियों से चर्चा करें।<br>▪ प्रत्येक विद्यार्थी दिए गये प्रश्नों की मदद से सर्वे कार्य करेगा।<br>▪ सर्वे से जुड़े महत्त्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करें (सामान्य निर्देशों को देखते हुए)।<br>**गतिविधि 5 : गृह कार्य : स्वतंत्रता आधारित खेल - एक्शन प्रोजेक्ट की व्याख्या केवल कक्षा 6 - 8 के लिए (5 मिनट)**<br>▪ एक्शन प्रोजेक्ट को शिक्षक विद्यार्थियों के साथ साझा करेंगे (सामान्य निर्देश व टीचर कम्पैनियन शीट को संदर्भित करें ) , साथ ही साथ उन्हें सप्ताह के अंत में पूरा करने के लिए कहेंगे।<br>**गतिविधि 6 : सार संक्षिप्तीकरण (5 मिनट)**<br>▪ सत्र का सार बताएँ।<br>▪ अगले सप्ताह की योजना को संक्षेप में साझा करें। |

# दूसरा सप्ताह

# दूसरा सप्ताह

| क्र. सं. | गतिविधि | समय (मिनट) | जरूरी सामान |
|---|---|---|---|
| 1 | सर्वे पर चिंतन व लेखन | 15 | मेरी मूल्य पुस्तिका |
| 2 | सर्वे के रिफ्लेक्शन पर समूह कार्य | 15 | मेरी मूल्य पुस्तिका |
| 3 | रिफ्लेक्शन<br>• स्वतंत्रता आधारित खेल - एक्शन प्रोजेक्ट (कक्षा 6-8 के लिए)<br>• गहराई से समझना (कक्षा 9 व 11 के लिए) | 15 | स्वतंत्रता आधारित खेल पुस्तिका,<br>मेरी मूल्य पुस्तिका |
| 4 | पैनल परिचर्चा के लिए चयन | 10 | — |
| 5 | सार संक्षिप्तीकरण | 5 | — |

| | |
|---|---|
| **समय** | एक घंटा |
| **अधिगम उद्देश्य** | विद्यार्थी इस योग्य हो सकेंगे कि<br>• संविधान के मूल्य के साथ गहराई से जुड़ें।<br>• अभिव्यक्ति तथा समूह कार्य के कई रूपों को समझ सकें।<br>• अपने विचार व्यक्त कर सकें। |
| **निर्देश** | **गतिविधि 1 : सर्वे पर चिंतन व लेखन (15 मिनट)**<br>▪ विद्यार्थियों को मूल्य पुस्तिका पर दिए गए सर्वे रिफ्लेक्शन को भरने के लिए कहें।<br><br>**गतिविधि 2 : रिफ्लेक्शन पर समूह कार्य (15 मिनट)**<br>▪ कक्षा को पाँच या और अधिक समूहों में बाँटे ( कक्षा की कुल विद्यार्थी संख्या के अनुसार)।<br>▪ मूल्य के विभिन्न आयामों पर हर समूह के सदस्य से अपने समूह में रिफ्लेक्शन को साझा करने को कहें ।<br>▪ हर समूह का कोई एक सदस्य अपने समूह में चली पूरी चर्चा को पूरी कक्षा के सामने संक्षेप में बताए। |

**गतिविधि 3 : रिफ्लेक्शन**

**स्वतंत्रता आधारित खेल - एक्शन प्रोजेक्ट - कक्षा 6-8 के लिए (15 मिनट)**

- विद्यार्थी अपनी एक्शन प्रोजेक्ट रिफ्लेक्शन शीट भरेंगे।
- किए गए कार्य में मिले अनुभवो को विद्यार्थी जोड़े में साझा करें।
- शिक्षक सभी अनुभवों/ सीखो को समेटते हुए इस माह के मूल्य से जोड़ेंगे। (टीचर कंपेनियन शीट को देखें)।

**गहराई से समझना - कक्षा 9 व 11 के लिए (15 मिनट)**

- विद्यार्थियों से कहें कि वे जोड़ों में चर्चा करें कि सर्वे के बाद मूल्यों के बारे में उनकी समझ कितनी बनी है।
- शिक्षक महीने की थीम के अनुसार सभी अनुभवों को जोड़ेंगे और कक्षा के साथ साझा करेंगे।

**गतिविधि 4 : पैनल परिचर्चा का चयन (10 मिनट)**

- कक्षा 6 से 8 में से प्रत्येक के दो दो निपुण वक्ता और कक्षा 9 एवं 11 से प्रत्येक के तीन तीन निपुण वक्ता अपनी कक्षा का प्रतिनिधित्व करते हुए स्टूडेंट कौंसिल क्लब की तरफ से आयोजित पैनल परिचर्चा में भाग लेंगे (हर पैनल में कुल 6 विद्यार्थी होंगे) । सामान्य निर्देश को संदर्भित करें।

**गतिविधि 5 : सार संक्षिप्तीकरण (5 मिनट)**

- सत्र का सार बताएँ।
- अगले सप्ताह की योजना को संक्षेप में साझा करें।

# तीसरा सप्ताह : प्रोग्राम

# तीसरा सप्ताह : प्रोग्राम

| क्र. सं. | गतिविधि | समय (मिनट) | जरूरी सामान |
|---|---|---|---|
| 1 | पैनल परिचर्चा (कक्षा 6-8 के लिए) | 30 | मेरी मूल्य पुस्तिका (रिफ्लेक्शन शीट) |
| 2 | पैनल परिचर्चा (कक्षा 9 व 11 के लिए) | 30 | मेरी मूल्य पुस्तिका (रिफ्लेक्शन शीट) |

| | |
|---|---|
| **समय** | एक घंटा |
| **अधिगम उद्देश्य** | विद्यार्थी इस योग्य हो सकेंगे कि<br>• संविधान के मूल्य के साथ गहराई से जुड़ें।<br>• अभिव्यक्ति, समूह कार्य, कार्यक्रम प्रबंधन के विभिन्न रूपों को समझ सकें। |
| **निर्देश** | **गतिविधि 1 : पैनल परिचर्चा - कक्षा 6-8 के लिए (30 मिनट)**<br>▪ पैनल के सदस्य सर्वे और एक्शन प्रोजेक्ट के अपने अनुभवों को साझा करेंगे ।<br>▪ पैनल के सदस्य मूल्य पुस्तिका में दिए गए रिफ्लेक्शन शीट को भी संदर्भित कर सकते हैं ।<br>▪ दर्शक / श्रोता विद्यार्थी उन प्रश्नों को लिख लें जिनका उत्तर वे पैनल से चाहते हैं।<br>▪ पैनल परिचर्चा 25 मिनट के लिए रखें, क्यु-कार्ड की सहायता से पैनल परिचर्चा को मोड्रेट करें।<br>**गतिविधि 2 : पैनल परिचर्चा - कक्षा 9 व 11 के लिए (30 मिनट)**<br>▪ पैनल के सदस्य सर्वे के दौरान प्राप्त अनुभवों और पाठ्यपुस्तकों के ज्ञान को पैनल परिचर्चा में साझा करेंगे।<br>▪ पैनल के सदस्य मूल्य पुस्तिका में दिए गए रिफ्लेक्शन शीट को भी संदर्भित कर सकते हैं ।<br>▪ दर्शक / श्रोता विद्यार्थी उन प्रश्नों को लिख लें जिनका उत्तर वे पैनल से चाहते हैं।<br>▪ पैनल परिचर्चा 25 मिनट के लिए रखें, क्यु-कार्ड की सहायता से पैनल परिचर्चा को मोड्रेट करें। |